दैनिक समाचार पत्र
# जीत समाचार
जीत सच्ची खबर की
दिल्ली, हरियाणा, पंजाब, हिमाचल प्रदेश

वर्ष : 13 अंक : 255 मूल्य : 2 रू पृष्ठ : 8

मंगलवार
2 जून 2026


RNI NO : PUNHIN/2013/60106 www.zeetsamachar.com

## अनमोल वचन

"जो जीवन को समझते है वे चल सकते है घने जंगलों में उतर सकते है युद्धभूमि में बिना शस्त्र और कवच के शत्रु या जंगली जानवर उनका कुछ नही बिगड़ सकते क्योंकि वे जानते है जीवन केवल शरीर तक ही सीमित नहीं हैं।"

# सीईपीए से भारतीय निर्यातकों को ओमान की 98 प्रतिशत उत्पाद श्रेणियों पर शुल्क मुक्त पहुंच प्राप्त होगी-केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल

नई दिल्ली (एजेंसी)। केंद्रीय वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने कहा है कि भारत-ओमान व्यापक आर्थिक साझेदारी समझौता-सीईपीए, आज से लागू हो गया है। इस समझौते पर छह महीने पहले हस्ताक्षर किए गए थे। श्री पीयूष गोयल ने नई दिल्ली में संवाददाताओं को बताया कि सीईपीए केवल एक व्यापार समझौता नहीं है, बल्कि यह सभ्यतागत विश्वास का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि यह व्यापक समझौता ओमान के साथ भारत के संबंधों को नई गति प्रदान करेगा।



वाणिज्य और उद्योग मंत्री ने बताया कि पहले दिन से ही भारत को ओमान की 98 प्रतिशत टैरिफ लाइनों पर शुल्क मुक्त पहुंच प्राप्त होगी, जो ओमान को होने वाले भारत के 99 प्रतिशत से अधिक निर्यात को कवर करती है। उन्होंने कहा कि इस समझौते के लागू होने से भारत के कामगारों, लघु तथा मध्यम उद्यमों और कपड़ा, खेल वस्त्र, कृषि उत्पाद, फार्मा तथा चिकित्सा उपकरण, चमड़ा, ऑटोमोबाइल और समुद्री उत्पाद जैसे विभिन्न क्षेत्रों के निर्यातकों को ओमान के बाजार में प्रतिस्पर्धियों के मुकाबले प्राथमिकता मिलेगी। श्री पीयूष गोयल ने कहा कि यह संतुलित मुक्त व्यापार समझौता, आजीविका की रक्षा करते हुए भारत के ओमान को निर्यात के द्वार खोलता है।

श्री पीयूष गोयल ने बताया कि समझौते के लागू होने के उपलक्ष्य में आज मुंबई, कोलकाता और चेन्नई से कई खेपें भेजी जा रही हैं। उन्होंने कहा कि यह समझौता अपनी उन्नत रसद और बंदरगाह अवसंरचना के माध्यम से खाड़ी सहयोग परिषद और पूर्वी अफ्रीकी बाजारों तक पहुंचने का एक महत्वपूर्ण द्वार बनेगा। सीईपीए के तहत हासिल की गई कुछ महत्वपूर्ण उपलब्धियों पर प्रकाश डालते हुए श्री पीयूष गोयल ने कहा कि अमरीकी एफडीए, यूरोपीय औषधि एजेंसी या यूके एमएचआरए द्वारा अनुमोदित भारतीय जेनेरिक दवाओं को अब ओमान में 90 दिनों के भीतर बाजार प्राधिकार प्राप्त होगा। उन्होंने कहा कि भारत ने समझौते के तहत गैरदृसेवा क्षेत्रों में भारतीय श्रमिकों की सुरक्षा के लिए एक बाध्यकारी प्रतिबद्धता भी हासिल की है।

## संक्षिप्त न्यूज

### नई दिल्ली में 11 जून से 13वें ब्रिक्स शहरीकरण मंच का आयोजन, भारत करेगा मेजबानी

नई दिल्ली। भारत, 11 जून से नई दिल्ली में दो दिन के 13वें ब्रिक्स शहरीकरण मंच की मेजबानी करेगा। शहरीकरण मंच का विषय 'जनता के लिए शहर रू समावेशी और लचीले शहरी भविष्य के लिए ब्रिक्स सहयोग' होगा। आवास और शहरी मामलों के मंत्री मनोहर लाल ने आज नई दिल्ली में संवाददाता सम्मेलन में यह घोषणा की।

श्री मनोहर लाल ने कहा कि यह भारत के उस दृष्टिकोण को दर्शाता है जो शहरों की योजना, शासन और विकास में जनता को महत्व देता है। उन्होंने कहा कि यह ऐसे समय पर आयोजित किया जा रहा है, जब कई ब्रिक्स देश तेजी से शहरी विकास का अनुभव कर रहे हैं और साथ ही आवास, गतिशीलता, जलवायु जोखिम, नगरपालिका क्षमता, शहरी वित्त और सेवा वितरण जैसी सामान्य चुनौतियों का सामना कर रहे हैं।

इस वर्ष 13वें ब्रिक्स शहरीकरण मंच के साथ, भारत चौथी बार इसकी मेजबानी कर रहा है। अपने गठन के बाद से यह ब्रिक्स देशों के लिए शहरी नीति का आदान-प्रदान और महानगरों के विकास से संबंधित सुझाव देने के लिए एक मंत्रिस्तरीय मंच के रूप में कार्य करता रहा है।

### ईडी ने ज्ञान सागर एजुकेशनल एंड चौरिटेबल ट्रस्ट की 14 अचल संपत्तियों को धन शोधन निवारण अधिनियम के तहत जब्त किया

नई दिल्ली। प्रवर्तन निदेशालय-ईडी ने पंजाब के रामनगर के ज्ञान सागर एजुकेशनल एंड चौरिटेबल ट्रस्ट की लगभग 1,600 करोड़ रुपये की 14 अचल संपत्तियों को धन शोधन निवारण अधिनियम के अंतर्गत अस्थायी रूप से जब्त कर लिया है। एजेंसी ने बताया कि कंपनी और संबंधित संस्थाओं द्वारा संचालित सामूहिक निवेश योजना में बड़े पैमाने पर धोखाधड़ी की जांच के सिलसिले में यह कार्रवाई गई है।इसके साथ ही एजेंसी ने अब तक भारत और विदेश में स्थित संपत्तियों सहित 28,626 करोड़ रुपये की चल और अचल संपत्तियां जब्त की हैं। ईडी ने केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो-सीबीआई द्वारा दर्ज एफआईआर के आधार पर जांच शुरू की थी। एजेंसी ने बताया कि आरोपी संस्थाओं और व्यक्तियों ने कृषि भूमि की बिक्री और विकास के बहाने लाखों निवेशकों से धोखाधड़ी करके 48 हजार करोड़ रुपये से अधिक की राशि जुटाकर एक विशाल अवैध सामूहिक निवेश योजना चलाई।

# राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने कहा- म्यामां भारत की 'पड़ोसी पहले, एक्ट ईस्ट' और 'महासागर' नीतियों में एक महत्वपूर्ण भागीदार है



नई दिल्ली (एजेंसी)। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने कहा है कि म्यामां भारत की 'पड़ोसी पहले', 'एक्ट ईस्ट' और 'महासागर' नीतियों में एक महत्वपूर्ण भागीदार है। राष्ट्रपति भवन में म्यामां के राष्ट्रपति ऊ मिन आऊं लाइन् का स्वागत करते हुए उन्होंने कहा कि भारत और म्यामां के बीच सदियों पुराने गहरे सांस्कृतिक, सभ्यतागत और आध्यात्मिक संबंध हैं। भारत के साथ म्यामां के महत्वपूर्ण संबंधों पर प्रकाश डालते हुए राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने कहा कि म्यामां दक्षिण-पूर्व एशिया के लिए भारत का प्रवेश द्वार है, क्योंकि यह एकमात्र आसियान देश है जो भारत के साथ भूमि सीमा साझा करता है। म्यामां के राष्ट्रपति के रूप में पदभार ग्रहण करने पर राष्ट्रपति लाइन् को बधाई देते हुए राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने कहा कि भारत द्विपक्षीय साझेदारी को और मजबूत करने के लिए नई सरकार के साथ मिलकर काम करने के लिए तत्पर है। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने इस बात पर बल दिया कि भारत म्यामां सरकार की प्राथमिकताओं के अनुरूप उसके प्रयासों में सहयोग करने के लिए तत्पर है। उन्होंने शांति और सुलह के लिए म्यामां के प्रयासों के प्रति भारत के अटूट समर्थन का भी आश्वासन दिया।

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने कहा कि संपर्क भारत-म्यामां साझेदारी का एक महत्वपूर्ण स्तंभ है और उन्होंने आशा व्यक्त की कि म्यामां सरकार के सहयोग से चल रही संपर्क परियोजनाएं जल्द से जल्द पूरी हो जाएंगी।

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने उल्लेख किया कि भारत-म्यामां व्यापार संबंध फार्मास्यूटिकल्स, मशीनरी और कृषि उत्पादों जैसे क्षेत्रों में विस्तारित हुए हैं। उन्होंने रेखांकित किया कि द्विपक्षीय व्यापार अब भी अपनी पूरी क्षमता से कम है और दोनों पक्ष इसे और बढ़ाने के लिए मिलकर काम कर सकते हैं। दोनों नेताओं ने विश्वास व्यक्त किया कि आने वाले वर्षों में भारत और म्यामां के बीच मित्रता और मजबूत होगी।

### सुप्रीम कोर्ट ने नीट-यूजी 2026 की कंप्यूटर-आधारित परीक्षा आयोजित करने की मांग खारिज की



नई दिल्ली (एजेंसी)। सुप्रीम कोर्ट ने नीट-यूजी 2026 की पुनर्परीक्षा को मौजूदा पेन और पेपर प्रारूप के स्थान पर कंप्यूटर-आधारित परीक्षा आयोजित करने की मांग वाली याचिका को खारिज कर दिया। जस्टिस पी. एस. नरसिम्हा और अरविंद कुमार की पीठ ने कहा कि कंप्यूटर आधारित पुनर्परीक्षा आयोजित करने का कोई सवाल ही नहीं उठता, क्योंकि परीक्षा रद्द होने के बाद से राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी पहले से ही चुनौतियों का सामना कर रही है। न्यायालय ने मामले की अगली सुनवाई 27 जुलाई को तय की है।

दैनिक समाचार पत्र
जीत समाचार
जीत सच्ची खबर की
www.zeetsamachar.com

## सरकार ने कहा, पूरे देश में पेट्रोल और डीजल का पर्याप्त भंडार उपलब्ध

नई दिल्ली(एजेंसी)। सरकार ने कहा है कि पूरे देश में पेट्रोल और डीजल का पर्याप्त भंडार उपलब्ध है। नई दिल्ली में पश्चिम एशिया के हालिया घटनाक्रमों पर आयोजित अंतर-मंत्रालयी ब्रीफिंग को संबोधित करते हुए पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय की संयुक्त सचिव सुजाता शर्मा ने कहा कि सभी तेल विपणन कंपनियां सुचारू आपूर्ति बनाए रखने के लिए सभी खुदरा दुकानों पर पेट्रोल और डीजल की सक्रिय रूप से आपूर्ति कर रही हैं। एलपीजी आपूर्ति के संबंध में उन्होंने बताया कि पिछले तीन दिनों में 1.21 करोड़ से अधिक बुकिंग प्राप्त हुई, जबकि एक करोड़ 22 लाख से अधिक डिलीवरी की गई।

सुश्री सुजाता शर्मा ने कहा कि सरकार ने राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों से, एलपीजी, पेट्रोल और डीजल की बिक्री और वितरण में जमाखोरी और कालाबाजारी के खिलाफ सतर्कता बढ़ाने का आग्रह किया है। उन्होंने बताया कि इस दौरान 1,300 स्थानों पर छापे मार गये और 7 लोगों को गिरफ्तार किया गया।

## प्रधानमंत्री मोदी ने लोकप्रिय गायिका सुमन कल्याणपुर के निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया

नई दिल्ली । प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने लोकप्रिय गायिका सुमन कल्याणपुर के निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया है। सोशल मीडिया पोस्ट में श्री मोदी ने कहा कि सुमन कल्याणपुर की मधुर आवाज और भावपूर्ण गायन ने सांस्कृतिक जगत को समृद्ध किया। अपने गीतों के माध्यम से सुमन कल्याणपुर ने संगीत प्रेमियों और भारतीय सिनेमा के प्रशंसकों के बीच एक विशेष स्थान बनाया। प्रधानमंत्री ने सुमन कल्याणपुर के परिवार और प्रशंसकों के प्रति संवेदना व्यक्त की।

## मलेशिया 16 वर्ष से कम आयु के बच्चों के सोशल मीडिया उपयोग पर प्रतिबंध लगाने वाले देशों में शामिल हुआ

मलेशिया (एजेंसी)। मलेशिया बच्चों द्वारा सोशल मीडिया के उपयोग पर प्रतिबंध लगाने वाला नवीनतम देश बन गया है। आज से लागू नए नियम के अनुसार 16 वर्ष से कम आयु के बच्चों को सोशल मीडिया अकाउंट रखने की अनुमति नहीं होगी।

सोशल मीडिया प्लेटफॉर्मों को आयु सत्यापन प्रणाली और बाल सुरक्षा सुविधाएं लागू करनी होंगी। इसका उद्देश्य बच्चों को हानिकारक सामग्री, साइबरबुलिंग और ऑनलाइन गतिविधियों की लत से बचाना है। नियमों का पालन नहीं करने वाली कंपनियों पर 10 मिलियन रिंगिट तक का जुर्माना लगाया जा सकता है।

Samuh Samaj Sangathan (Regd.)
2007 to Update
अभी नहीं तो कभी नहीं
मानवता की रक्षा एवं सुरक्षित रखने का मौका।
सच्चाई से देश सेवा।
समूह समाज संगठन 2007 से जरूरतमंद लोगों की हमेशा से मदद करता आया है। यह तभी संभव होता है जब आप सभी लोग हमारे संगठन के साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़े होते है। आज की मुसीबत के समय में राशन और डेली जरूरत की सामग्री मस्क, सेनिटाइजर आदि इकठ्ठा करना जितना मुश्किल है। उससे मुश्किल इस सामग्री को बटना और लोगो तक पहुंचाना है।
किसी को हमारे संगठन के होते घबराने की जरूरत नहीं है हमारे संगठन के वॉलंटियर्स आपकी सेवा में हाजिर है। सम्पर्क करें।
9803025111,9872081907,7696420000,9872177784,8427566893

## भारत-ऑस्ट्रेलिया रक्षा मंत्रियों का संवाद, समुद्री सुरक्षा और क्षेत्रीय सहयोग को मजबूत करने पर सहमति




भारत और ऑस्ट्रेलिया ने स्वतंत्र, खुले, शांतिपूर्ण, स्थिर और समृद्ध हिंद-प्रशांत क्षेत्र को बनाए रखने में क्षेत्रीय साझेदारों के साथ सहयोग बढ़ाने के महत्व की पुष्टि की है। नई दिल्ली में भारत-ऑस्ट्रेलिया रक्षा मंत्रियों के संवाद के दूसरे संस्करण के दौरान, दोनों देशों ने नौवहन तथा हवाई उड़ान की स्वतंत्रता के महत्व पर बल दिया और क्षेत्र में निर्बाध व्यापार तथा अंतरराष्ट्रीय कानून के अनुरूप समुद्र के अन्य वैध उपयोगों के लिए अपना मजबूत समर्थन व्यक्त किया।

बैठक की अध्यक्षता रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और ऑस्ट्रेलिया के उप प्रधानमंत्री तथा रक्षा मंत्री रिचर्ड मार्लेस ने की। रक्षा मंत्रालय ने कहा है कि बैठक के दौरान दोनों नेताओं ने द्विपक्षीय संबंधों में हुई महत्वपूर्ण प्रगति का स्वागत किया और पिछले वर्ष अक्टूबर में हुए संवाद के पहले संस्करण के बाद से बढ़े परामर्श और सहयोग पर विचार-विमर्श किया।

मंत्रालय ने कहा है कि दोनों मंत्रियों ने रक्षा तथा सुरक्षा सहयोग पर संयुक्त घोषणा को नवीनीकृत और सुदृढ़ करने के लिए अपने प्रधानमंत्रियों की प्रतिबद्धता को साकार करने की दिशा में हुई प्रगति का स्वागत किया। दोनों पक्षों ने द्विपक्षीय समुद्री सुरक्षा सहयोग में हुई प्रगति और संयुक्त समुद्री सुरक्षा सहयोग रोडमैप को अंतिम रूप देने के प्रयासों पर चर्चा की। उन्होंने भारतीय तटरक्षक बल और ऑस्ट्रेलिया के समुद्री सीमा कमान के बीच सहयोग को और बढ़ावा देने के लिए भी प्रोत्साहित किया।

ऑस्ट्रेलियाई उप प्रधानमंत्री ने भारत को 2026 के ऑस्ट्रेलियाई रक्षा विज्ञान, प्रौद्योगिकी और अनुसंधान शिखर सम्मेलन में भाग लेने के लिए आमंत्रित किया।

## उत्तराखंडः चमोली में स्थित विश्व प्रसिद्ध फूलों की घाटी आज से पर्यटकों के लिए खुली




उत्तराखंड (ब्यूरो)। उत्तराखंड के चमोली जिले में स्थित यूनेस्को विश्व धरोहर स्थल फूलों की घाटी को आज से पर्यटकों के लिए खोल दिया गया है। वन विभाग ने आगंतुकों से घाटी की समृद्ध जैव विविधता और दुर्लभ वनस्पतियों के संरक्षण में सहयोग करने की अपील की है।

विभाग के अनुसार, फूलों की घाटी में वर्तमान में 300 से अधिक फूलों की प्रजातियां और वनस्पतियों की कई दुर्लभ किस्में हैं। वन रेंज अधिकारी चेतना कांडपाल ने बताया कि घाटी 31 अक्टूबर तक पर्यटकों के लिए खुली रहेगी।

फूलों की घाटी चुनौतीपूर्ण भौगोलिक परिस्थितियों वाले क्षेत्र में स्थित है।

मौसम की स्थिति और सुरक्षा मानकों को ध्यान में रखते हुए पर्यटकों के लिए आवश्यक दिशानिर्देश जारी किए गए हैं।

## इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने कहा, लोक अदालतों और जिला विधि सेवा प्राधिकरणों को तलाक निर्णय देने का अधिकार नहीं



इलाहाबाद(ब्यूरो)। इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने फैसला सुनाया है कि लोक अदालतों और जिला विधि सेवा प्राधिकरणों को तलाक निर्णय देने का अधिकार नहीं है, और विवाह भंग करने का अधिकार केवल पारिवारिक न्यायालयों के पास है। उच्च न्यायालय की लखनऊ पीठ ने एक महिला की, उन्नाव स्थित जिला विधि सेवा प्राधिकरण के 2018 के आदेश को चुनौती देने वाली याचिका की सुनवाई करते हुए यह टिप्पणी की। याचिकाकर्ता ने आरोप लगाया कि उसके पति ने जिला विधि सेवा प्राधिकरण के समक्ष दर्ज समझौते को तलाक का निर्णय मानकर पुनर्विवाह किया।

न्यायमूर्ति शेखर बी. सराफ और ए.के. चौधरी की खंडपीठ ने कहा कि विधि सेवा प्राधिकरण अधिनियम और लोक अदालत विनियमों के अंतर्गत, तलाक से संबंधित वैवाहिक विवादों का निपटारा लोक अदालतों द्वारा नहीं किया जा सकता है। न्यायालय ने कहा कि लोक अदालतें केवल सौहार्दपूर्ण समझौते कराने के लिए सशक्त हैं और सक्षम न्यायालयों के लिए आरक्षित न्यायिक शक्तियों का प्रयोग नहीं कर सकती हैं।

पीठ ने समझौते में पक्षों को पुनर्विवाह की अनुमति देने वाले खंड को कानूनी रूप से अमान्य घोषित किया। उच्च न्यायालय ने निर्देश दिया है कि उसके फैसले को उत्तर प्रदेश की सभी लोक अदालतों और जिला विधि सेवा प्राधिकरणों को मार्गदर्शन और अनुपालन के लिए प्रसारित किया जाए।

# लुधियाना-बठिंडा हाईवे पर भीषण सड़क हादसा: स्कूटी-कार की टक्कर के बाद पेड़ से भिड़ी ब्रेजा, बुजुर्ग समेत 4 गंभीर घायल

जीत समाचार लुधियाना(यादविंदर)। लुधियाना-बठिंडा राजमार्ग पर बोपाराय कलां और बुढेल गांव लिंक सड़क के नजदीक सोमवार सुबह 9 बजे एक भीषण सड़क हादसे में बुजुर्ग स्कूटी सवार समेत चार लोग गंभीर रूप से घायल हो गए

**कैसे हुआ हादसा ?**

जानकारी के अनुसार, एक बुजुर्ग स्कूटी चालक बुढेल गांव की लिंक रोड से आकर राजमार्ग पर चढ़ा और सड़क क्रॉस करने लगा। तभी मुल्लांपुर की तरफ से तेज रफ्तार आ रही ब्रेजा कार के चालक ने बुजुर्ग को बचाने की बहुत कोशिश की, लेकिन दोनों की आमने-सामने जोरदार टक्कर हो गई। टक्कर के बाद अनियंत्रित हुई ब्रेजा कार हाईवे पर खड़े विशाल पेड़ से जा टकराई और बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई।

**बम फटने जैसी आवाज आई**

दुर्घटना की आवाज इतनी भयानक थी कि दूर-दूर तक बम फटने जैसी सुनाई दी। मौके पर पहुंचे लोगों ने बहुत मशक्कत के बाद कार से पति-पत्नी समेत तीन लोगों को बाहर निकाला।

**एक की हालत नाजुक, लुधियाना रेफर**

हादसे में बुजुर्ग स्कूटी सवार समेत चारों घायलों को तुरंत स्थानीय सिविल अस्पताल ले जाया गया। स्कूटी सवार की हालत गंभीर होने के चलते उसे लुधियाना रेफर कर दिया गया है। कार सवार तीनों घायलों का इलाज स्थानीय अस्पताल में ही चल रहा है।

**पुलिस जांच में जुटी**

सूचना मिलते ही सुधार पुलिस मौके पर पहुंची और कार व स्कूटी को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी है। पुलिस घायलों के परिजनों का इंतजार कर रही है।

# बिक्रम मजीठिया पर मामला दर्ज, घर पर पुलिस की कार्रवाई



जीत समाचार अमृतसर/मजीठा: वरिष्ठ अकाली नेता एवं पूर्व मंत्री बिक्रम सिंह मजीठिया के खिलाफ पुलिस ने मामला दर्ज किया है। उन पर आरोप है कि उन्होंने मजीठा में हिरासत में लिए गए एक अकाली कार्यकर्ता को पुलिस की निगरानी से छुड़ाकर अपने साथ ले जाने में भूमिका निभाई।

**क्या है पूरा मामला ?**

अकाली दल के कार्यकर्ताओं का आरोप था कि पार्टी कार्यकर्ता श्रवइदचतममज ैपदही को हिरासत में लेने के बाद थाने में रखने के बजाय थाना प्रभारी के सरकारी आवास पर रखा गया था। इस सूचना के बाद मजीठिया अपने समर्थकों के साथ मौके पर पहुंचे। मौके पर पुलिस और अकाली कार्यकर्ताओं के बीच तीखी नोकझोंक हुई। बाद में संबंधित कार्यकर्ता वहां से बाहर आया और समर्थक उसे अपने साथ ले गए।

**पुलिस का पक्ष**

पंजाब पुलिस ने सरकारी कार्य में बाधा डालने, पुलिस कार्रवाई में हस्तक्षेप करने तथा हिरासत में लिए गए व्यक्ति को छुड़ाकर ले जाने सहित विभिन्न धाराओं के तहत एफआईआर दर्ज की है। इस मामले में मजीठिया को भी नामजद किया गया है।

**मजीठिया के घर पहुंची पुलिस**

सोमवार को पुलिस की एक टीम अमृतसर स्थित मजीठिया के आवास पर पहुंची और तलाशी अभियान चलाया। पुलिस ने घर की जांच की, हालांकि उस समय घर पर कोई मौजूद नहीं बताया गया।

**अकाली दल का आरोप**

शिरोमणि अकाली दल ने पुलिस कार्रवाई को राजनीतिक प्रतिशोध बताया है। पार्टी नेताओं का कहना है कि उनके कार्यकर्ताओं और नेताओं को निशाना बनाया जा रहा है। वहीं पुलिस का कहना है कि पूरी कार्रवाई कानून के अनुसार की जा रही है।

फिलहाल यह मामला जांच के अधीन है और अंतिम निष्कर्ष जांच व न्यायिक प्रक्रिया के बाद ही सामने आएंगे।

# लुधियाना कांग्रेस एससी विभाग के नव नियुक्त चेयरमैन एडवोकेट राहुल पुहाल का मुंह मीठा कराकर सम्मान, राजा वड़िंग ने दी बधाई



जीत समाचार लुधियाना(यादविंदर)। लुधियाना कांग्रेस कमेटी के अनुसूचित जाति विभाग के नव नियुक्त चेयरमैन एडवोकेट राहुल पुहाल का कांग्रेसी नेताओं व कार्यकर्ताओं द्वारा मुंह मीठा कराकर भव्य स्वागत किया गया।

**राजा वड़िंग, संजय तलवाड़ समेत वरिष्ठ नेता रहे मौजूद**

इस अवसर पर पंजाब प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष व लुधियाना से सांसद स. अमरिंदर सिंह राजा वड़िंग, जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष श्री संजय तलवाड़, पूर्व विधायक स. कुलदीप सिंह वैद, सिमरजीत सिंह बैंस, लुधियाना यूथ कांग्रेस के जिला अध्यक्ष हरजिंदर सिंह हैप्पी लाली और समस्त लुधियाना के कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

**आगामी चुनावों में कांग्रेस की आवाज बुलंद करनी है : नेता**

सभी नेताओं ने एडवोकेट राहुल पुहाल को बधाई देते हुए कहा कि "आगामी चुनावों में कांग्रेस की आवाज को और बुलंद करना है।" राजा वड़िंग ने कहा, "अनुसूचित जाति समाज की आवाज को पार्टी मंच पर और मजबूती से उठाया जाएगा। एडवोकेट राहुल पुहाल ने पार्टी हाईकमान का धन्यवाद करते हुए कहा, मैं पार्टी द्वारा दी गई जिम्मेदारी को पूरी निष्ठा से निभाऊंगा और एससी समाज के मुद्दों के समाधान के लिए काम करूंगा।




दैनिक समाचार पत्र
जीत समाचार
जीत सच्ची खबर की
www.zeetsamachar.com

## अपराध और लापरवाही का 'इंडस्ट्रियल हब' बनता लुधियाना

पंजाब की आर्थिक रीढ़ और उद्योगों का सिरमौर कहा जाने वाला महानगर लुधियाना आज एक बेहद खतरनाक मोड़ पर आकर खड़ा हो गया है। पिछले कुछ दिनों के भीतर शहर में जो कुछ भी घटा है! चाहे वह आरके रोड की पाना-चाबी फैक्ट्री में जहरीली गैस से बाप-बेटे समेत तीन मजदूरों की मौत हो, या फिर शृंगार सिनेमा रोड पर दिनदहाड़े हुई गैंगवार और अंधाधुंध गोलीबारीकृइन सभी ने मिलकर शहर के आम नागरिक को गहरे खौफ और असुरक्षा में धकेल दिया है। सवाल यह उठता है कि क्या देश के इस बड़े औद्योगिक केंद्र में इंसानी जान इतनी सस्ती हो चुकी है कि यहाँ न तो काम की जगह सुरक्षित है और न ही शहर की सड़कें?

फैक्ट्री हादसों और गैस लीकेज की बार-बार होने वाली घटनाओं ने औद्योगिक सुरक्षा मानकों की धज्जियां उड़ाकर रख दी हैं। ग्यासपुरा के पुराने जख्म अभी पूरी तरह भरे भी नहीं थे कि आरके रोड पर बिना किसी सेफ्टी किट, मास्क या वेंटिलेशन के मजदूरों को मौत के कुएं (सीवरेज टैंक) में उतार दिया गया। जब मुनाफा कमाने की होड़ में फैक्ट्री मालिकों की लापरवाही और प्रशासनिक विभागों की अनदेखी मिल जाती है, तो ऐसे ही दर्दनाक हादसे पैदा होते हैं। केवल हादसों के बाद एफआईआर दर्ज कर लेना या मुआवजे का मरहम लगा देना इसका स्थायी समाधान नहीं है। श्रम विभाग और प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड आखरि तब तक क्यों सोए रहते हैं जब तक कि कोई बड़ी बलि न चढ़ जाए?

दूसरी तरफ, महानगर की कानून-व्यवस्था का ग्राफ लगातार पाताल की ओर जा रहा है। व्यस्ततम और भीड़भाड़ वाले शृंगार सिनेमा रोड पर दोपहर के समय सरेआम गोलियां चलना इस बात का सीधा सबूत है कि अपराधियों के दिलों से पुलिस का खौफ पूरी तरह खत्म हो चुका है। जब शहर के बीच बाजार में बंदूकें गरजती हैं, तो केवल कानून की धज्जियां नहीं उड़तीं, बल्कि सरकार के उन बड़े-बड़े दावों की भी हवा निकल जाती है जिनमें राज्य को सुरक्षित और अपराध-मुक्त बनाने की बातें कही जाती हैं।

लुधियाना को अपराधियों की शगैंगवारश और फैक्ट्री मालिकों की 'लापरवाही' के भरोसे नहीं छोड़ा जा सकता। अगर सरकार और स्थानीय प्रशासन ने तुरंत कड़े कदम नहीं उठाए, तो वह दिन दूर नहीं जब उद्योगों की यह चमक अपराध और प्रदूषण के अंधेरे में पूरी तरह खो जाएगी। अब समय आ गया है कि पुलिस कमिश्नरेट सड़कों पर अपनी साख बहाल करने के लिए अपराधियों के खिलाफ जीरो-टॉलरेंस की नीति अपनाए और जिला प्रशासन नियमों का उल्लंघन करने वाली फैक्ट्रियों पर ऐसी कार्रवाई करे जो दूसरों के लिए नजीर बने। शहरवासियों को अब खोखले आश्वासनों की नहीं, बल्कि धरातल पर सुरक्षित माहौल की जरूरत है।

-कमल पवार(सम्पादक)




जीत क्लासीफाइड

अपना क्लासिफाईड/ डिस्पले विज्ञापन
अपना नाम परिवर्तन, मकान,
शादी, जन्मदिन आदि के लिए सम्पर्क करे।
9803025111, 8878400009

जीत समाचार TV
जीत सच्ची खबर की
जीत समाचार को हर जिले, शहर आदि से रिपोर्ट की आवश्यकता है। यदि आप में है दम तो मौका देगे हम!
जीत समाचार आपकी तीसरी आँख वन कर आपका मार्गदर्शन करेगा। आप के शहर मे कोई ऐसी खबर हो तो आप हमारी अखबार व टीवी में दिखाना चाहते है तो सम्पर्क करे।
9041090470

दैनिक समाचार पत्र
जीत समाचार
जीत सच्ची ख़बर की
मुद्रक, प्रकाशक व सम्पादक : कमल पवार द्वारा 11368, पवित्र नगर, वालिया कालोनी हैबोवाल कलां, लुधियाना से प्रकाशित एंव जीत लुधियाना प्रिंटर्स हैबोवाल लुधियाना से मुद्रित।
सम्पादक : कमल पवार इस अंक मे प्रकाशित एंव समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादक हेतु पी.आर.बी. एक्ट के अन्तर्गत उत्तरदायी तथा उत्पन्न समस्त विवाद लुधियाना न्यायालय के अधीन होगे।
R.N.I NO. PUN/HIN/2013/60106
Contact us :- +91-98030-25111.

# लुधियाना में जहरीली गैस का तांडव : पाना-चाबी फैक्ट्री में दम घुटने से बाप-बेटे समेत 3 मजदूरों की मौत, 2 की हालत गंभीर

- आरके रोड स्थित 'दीप टूल्स' फैक्ट्री में आधी रात को हुआ हादसा
- सीवरेज/वेस्ट टैंक की सफाई के दौरान अचानक निकली जहरीली गैस
- भागने तक का मौका नहीं मिला, पुलिस ने फैक्ट्री मालिकों के खिलाफ दर्ज की लापरवाही की एफआईआर



जीत समाचार लुधियाना (ब्यूरो)।
पंजाब के औद्योगिक शहर लुधियाना के इंडस्ट्रियल एरिया- I, आरके रोड स्थित एक पाना-चाबी (हैंड टूल्स) बनाने वाली फैक्ट्री में सोमवार तड़के एक दिल दहला देने वाला हादसा सामने आया। यहाँ एक फैक्ट्री के भीतर सीवरेज लाइन और वेस्ट गटर की सफाई के दौरान अचानक संदिग्ध जहरीली गैस का रिसाव हो गया। गैस इतनी घातक थी कि इसकी चपेट में आने से एक ही परिवार के पिता-पुत्र समेत तीन मजदूरों की मौके पर ही दम घुटने से दर्दनाक मौत हो गई। वहीं दो अन्य मजदूर बेहोश हो गए, जिन्हें नाजुक हालत में अस्पताल में भर्ती कराया गया है।पुलिस और जिला प्रशासन ने मौके पर पहुँचकर जांच शुरू कर दी है। पुलिस कमिश्नर स्वपन शर्मा के अनुसार, लापरवाही बरतने के आरोप में फैक्ट्री प्रबंधन और मालिकों के खिलाफ मोती नगर थाने में मामला दर्ज किया जा रहा है।

**रात की शिफ्ट में बुलाया, सुबह मिली लाशें**

मृतकों की पहचान मान सिंह (46), उनके बेटे अमित कुमार (28) और एक अन्य बुजुर्ग मजदूर श्री राम (56) के रूप में हुई है। मान सिंह का परिवार मूल रूप से हरियाणा के फतेहाबाद का रहने वाला है और वर्तमान में लुधियाना के ग्यासपुरा इलाके में रह रहा था।
मृतक मान सिंह की बेटी रेनू ने रुंधे गले से बताया, फैक्ट्री के अंदर एक वेस्टेज गटर (सीवरेज टैंक) है, जिसे साफ करने के लिए पापा और भाई अमित को अक्सर कहा जाता था। रविवार-सोमवार की दरमियानी रात भी दोनों काम पर गए थे। जैसे ही उन्होंने गटर का ढक्कन खोला, उसमें से बेहद तेज जहरीली गैस निकली। दम घुटने और आँखों में तेज जलन के कारण उन्हें भागने तक का मौका नहीं मिला और वे वहीं ढेर हो गए।

**सुबह हुआ हादसे का खुलासा**


परिजनों के मुताबिक, दोनों अक्सर रात को 2 से 3 बजे के बीच घर लौट आते थे। जब वे सुबह तक नहीं लौटे, तो परिवार ने कई फोन किए, लेकिन किसी ने फोन नहीं उठाया। सुबह जब परिजन ढूंढते हुए फैक्ट्री पहुँचे, तो वहाँ उनका ट्रैक्टर खड़ा था लेकिन कोई कर्मचारी मौजूद नहीं था। बाद में उन्हें पता चला कि दोनों को अस्पताल ले जाया गया है, जहाँ डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। मृतक अमित की तीन साल पहले ही शादी हुई थी और उसकी डेढ़ साल की एक मासूम बेटी है, जिसके सिर से पिता का साया हमेशा के लिए उठ गया है।

**पुलिस और प्रशासन की कार्रवाई**

हादसे की सूचना मिलने के बाद डीसीपी (ग्रामीण) जसकिरंजित सिंह तेजा और एसडीएम जसलीन भुल्लर ने प्रशासनिक टीम के साथ घटनास्थल का दौरा किया। शुरूआती जांच में सामने आया है कि मजदूर बिना किसी सेफ्टी गियर (सुरक्षा उपकरणों) के जहरीले सीवरेज टैंक की सफाई कर रहे थे। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि जहरीली गैस के प्रभाव से दो अन्य मजदूर भी बेहोश हुए हैं, जिनकी स्थिति अब स्थिर बनी हुई है। पुलिस इस बात की जांच कर रही है कि सीवरेज में कौन सा केमिकल था जिसके रिएक्शन से यह गैस बनी।

**सुरक्षा नियमों की उड़ी धज्जियां, परिजनों में भारी रोष**

फैक्ट्री परिसर में सुरक्षा मानकों को लेकर गंभीर सवाल खड़े हो रहे हैं। परिजनों का आरोप है कि फैक्ट्री मालिक बिना किसी सुरक्षा किट और मास्क के मजदूरों को जबरन गटर साफ करने के लिए सीवरेज में उतारते थे। पीड़ित परिवारों ने प्रशासन से फैक्ट्री मालिक की तुरंत गिरफ्तारी और सख्त सजा के साथ उचित मुआवजे की मांग की है।




जीत समाचार TV
जीत सच्ची खबर की

जीत समाचार को हर जिले, शहर आदि से रिपोर्ट की आवश्यकता है। यदि आप में है दम तो मौका देगे हम!
जीत समाचार आपकी तीसरी आँख वन कर आपका मार्गदर्शन करेगा। आप के शहर मे कोई ऐसी खबर हो तो आप हमारी अखबार व टीवी में दिखाना चाहते है तो सम्पर्क करे।
9041090470

# भीड़भाड़ वाले बाजार में सरेआम चलीं गोलियां, बाल-बाल बची युवकों की जान

जीत समाचार लुधियाना (ब्यूरो)।
पंजाब के औद्योगिक महानगर लुधियाना में कानून-व्यवस्था को चुनौती देते हुए सोमवार को दिनदहाड़े फायरिंग का एक सनसनीखेज मामला सामने आया है। शहर के व्यस्ततम और घनी आबादी वाले शृंगार सिनेमा रोड (चिनार/शृंगार रोड इलाका) पर मोटरसाइकिल सवार अज्ञात बदमाशों ने बाइक पर जा रहे दो युवकों को निशाना बनाते हुए ताबड़तोड़ गोलियां बरसा दीं। बीच बाजार अचानक गोलियां चलने से पूरे इलाके में भगदड़ मच गई और दुकानदारों ने डर के मारे अपनी दुकानों के शटर गिरा दिए। राहत की बात यह रही कि इस जानलेवा हमले में शिकार हुए दोनों युवकों की जान बाल-बाल बच गई।
घटना की सूचना मिलते ही पुलिस कमिश्नरेट के आला अधिकारी भारी पुलिस बल के साथ तुरंत मौके पर पहुँचे और पूरे इलाके को सील कर जांच शुरू कर दी है।

**सरेआम चलाई गोलियां, बाल-बाल बचे युवक**

चश्मदीदों के मुताबिक, सोमवार दोपहर को दो युवक अपनी मोटरसाइकिल से शृंगार सिनेमा रोड से गुजर रहे थे। इसी दौरान घात लगाकर बैठे बाइक सवार अन्य हमलावरों ने उनका पीछा किया और बेहद करीब आकर उन पर पिस्तौल से फायरिंग शुरू कर दी। हमलावरों ने युवकों को जान से मारने की नीयत से कई राउंड फायर किए। गोलियों की आवाज सुनते ही बाइक सवार युवक नियंत्रण खोकर नीचे गिर गए और उन्होंने अपनी जान बचाने के लिए पास की एक गली में दौड़ लगा दी। हमलावर वारदात को अंजाम देकर हवा में हथियार लहराते हुए मौके से फरार हो गए।

**पुलिस खंगाल रही सीसीटीवी, पुरानी रंजिश का शक**

इस सरेआम गोलीकांड के बाद एडीसीपी और स्थानीय थानों की पुलिस टीमों ने घटनास्थल का बारीकी से निरीक्षण किया। पुलिस को मौके से गोलियों के खोल (खोके) बरामद हुए हैं। प्राथमिक जांच में पुलिस इस पूरे मामले को गैंगवार या पुरानी आपसी रंजिश से जोड़कर देख रही है।
जांच अधिकारियों ने बताया कि हमलावरों की पहचान के लिए शृंगार सिनेमा रोड और आसपास के व्यापारिक प्रतिष्ठानों में लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज को कब्जे में लिया जा रहा है। पुलिस का दावा है कि बदमाशों के रूट ट्रैक को ट्रेस कर लिया गया है और जल्द ही उन्हें गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

**लुधियाना में बढ़ता क्राइम ग्राफ, सहमे शहरवासी**

पिछले कुछ दिनों में शहर के भीतर हुई लूटपाट और अब दिनदहाड़े हुई इस फायरिंग की घटना ने स्थानीय निवासियों और व्यापारियों को डरा दिया है। स्थानीय दुकानदारों का कहना है कि इतने व्यस्त बाजार में दोपहर के समय सरेआम गोलियां चलना यह दिखाता है कि अपराधियों में पुलिस का कोई खौफ नहीं रह गया है। व्यापारिक संगठनों ने पुलिस प्रशासन से गश्त बढ़ाने और सुरक्षा पुख्ता करने की मांग की है।

## देहरा सीयू की जलापूर्ति योजना निर्माण के चलते 3 जून रात्रि को यातायात के लिए बंद रहेगा मार्ग

जीत समाचार धर्मशाला(ब्यूरों)। उपायुक्त कांगड़ा हेमराज बैरवा ने मोटर वाहन अधिनियम, 1988 में प्रदत्त शक्तियों का उपयोग करते हुए अधिसूचना जारी की है कि राष्ट्रीय राजमार्ग-503 देहरा पर जलापूर्ति पाइपलाइन बिछाने के कार्य के चलते यातायात को अस्थायी रूप से डायवर्ट किया जाएगा। हिमाचल प्रदेश केंद्रीय विश्वविद्यालय कैंपस के मुख्य गेट, पृथ्वी राज चौक तथा हनुमान चौक, देहरा पर सड़क क्रॉसिंग का कार्य किया जाएगा। इन स्थानों पर निर्माण कार्य के दौरान 3 जून की रात 10 बजे से 4 जून की सुबह 2 बजे तक के लिए वाहनों की आवाजाही प्रतिबंधित रहेगी। इस दौरान गाड़ियों की आवाजाही के लिए हनुमान चौक से खबली चौक वाया धवाला चौक का उपयोग किया जा सकता है।

## 7 जून को ऊना-अघर-मंडी रोड़ पर तीन घंटे रहेगा यातायात प्रतिबंधित

जीत समाचार ऊना(ब्यूरों)।जिला ऊना के उपमंडल बंगाणा के अंतर्गत ऊना-अघर-मंडी सड़क मार्ग 7 जून को किलोमीटर 27ध000 से 27ध200, नजदीक पेट्रोल पंप बंगाणा, पर वाहनों की आवाजाही सुबह 10 से दोपहर 1 बजे तक अस्थायी रूप से बंद रहेगी। इस संबंध में उपायुक्त ऊना एवं जिला दंडाधिकारी जतिन लाल द्वारा मोटर वाहन अधिनियम, 1988 की धारा 115 एवं 116 के तहत आवश्यक आदेश जारी किए गए हैं।

इस अवधि के दौरान सड़क किनारे पेड़ों की कटाई का कार्य किया जाएगा। उपायुक्त ने जनसुरक्षा तथा कार्य को सुचारू रूप से संपन्न करने के उद्देश्य से यह आदेश जारी किए हैं।

उपायुक्त ने संबंधित अधिकारियों को सड़क बंद करने को लेकर जनता को सूचित करने और मार्ग परिवर्तन की जानकारी देने के लिए अग्रिम बोर्ड लगाने के निर्देश दिए हैं।

## कसोल फायरिंग मामले में फरार आरोपी अमृतसर से गिरफ्तार, इटली भागने की थी तैयारी

जीत समाचार कसोल (ब्यूरों)। कुल्लू पुलिस ने कसोल के होटल ग्रीन वैली में 30 मई 2026 को हुई फायरिंग मामले में फरार आरोपी तमनप्रीत सिंह को पंजाब के अमृतसर से गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस के अनुसार आरोपी घटना के बाद इटली लौटने की तैयारी में था, लेकिन पुलिस ने समय रहते उसे पकड़ लिया। अब आरोपी को अदालत में पेश कर पुलिस रिमांड हासिल की जाएगी ताकि मामले में आगे की जांच की जा सके। कुल्लू पुलिस फायरिंग मामले से जुड़े अन्य पहलुओं की भी जांच कर रही है।

# हमीरपुर की लड़कियों और उद्यमियों को नई राह दिखाएगा 'नवदिशा' सम्मेलन

जीत समाचार हमीरपुर(ब्यूरों)। जिला हमीरपुर की छात्राओं को प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारियों के लिए बेहतरीन अवसर प्रदान करने तथा ग्रामीण क्षेत्रों के उद्यमियों को प्रोत्साहित करने के लिए जिला प्रशासन हमीरपुर, स्वयंसेवी संस्था वीनस फाउंडेशन और प्रसिद्व ऑनलाइन कोचिंग संस्थान फिजिक्सवाला के सहयोग से 6 जून को यहां उपायुक्त कार्यालय परिसर के बचत भवन में शिक्षा एवं ग्रामीण उद्यमिता सम्मेलन 'नवदिशा' आयोजित करने जा रहा है।




उपायुक्त गंधर्वा राठौड़ ने बताया कि इस सम्मेलन का मुख्य उद्देश्य जिला हमीरपुर की लड़कियों को विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए तथा भविष्य की संभावनाओं के अनुरूप तैयार करना है।

उन्होंने बताया कि 6 जून को सुबह 9 से दोपहर एक बजे तक के सत्र में छात्राओं को प्रतियोगी परीक्षाओं और कॅरियर की संभावनाओं के बारे में विस्तृत जानकारी दी जाएगी। जबकि, दोपहर बाद 2 बजे से साढे तीन बजे तक ग्रामीण क्षेत्रों के उद्यमियों, विशेषकर महिलाओं और युवाओं को उद्यमिता के क्षेत्र की विभिन्न संभावनाओं से अवगत करवाया जाएगा।

उपायुक्त ने छात्राओं और अपने उद्यम लगाने की इच्छुक महिलाओं एवं युवाओं से इस सम्मेलन में भाग लेने की अपील की है।

## दगोह में धूमधाम से हुआ 'चंम्वेया दा मेला' का शुभारंभय मस्तराम राणा और मोती राम ने किया ध्वजारोहण





जीत समाचार जयसिंहपुर/दगोह (अभिषेंक न्यूज-एडिटर)। क्षेत्र की संस्कृति और परंपराओं के प्रतीक श्चंम्वेया दा मेलाश् का भव्य शुभारंभ आज हर्षोल्लास के साथ हुआ। मेले के उद्घाटन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में मस्तराम राणा जी ने शिरकत की, जबकि कार्यक्रम में विशेष अतिथि के तौर पर मोती राम जी उपस्थित रहे।

समारोह की शुरूआत पारंपरिक रीति-रिवाजों के साथ हुई। मुख्य अतिथि मस्तराम राणा जी और विशेष अतिथि मोती राम जी ने संयुक्त रूप से विधिवत ःझंडा रस्म'अदा की। इस दौरान टमक की थाप ने पूरे वातावरण को भक्तिमय और उत्साहपूर्ण बना दिया।

इस अवसर पर ग्राम पंचायत दगोह के सभी प्रतिनिधि और स्थानीय निवासी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। अपने संबोधन में अतिथियों ने स्थानीय मेलों को हमारी संस्कृति की धरोहर बताया और इसे पीढ़ी-दर-पीढ़ी संजोए रखने का आह्वान किया।

**ग्राम पंचायत दगोह वासियों को बधाई**

'चंम्वेया दा मेला' के शुभारंभ के इस पावन अवसर पर समस्त क्षेत्रवासियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी गई हैं। आयोजकों ने उम्मीद जताई है कि यह मेला आपसी भाईचारे और सौहार्द का संदेश फैलाएगा।







# स्वयं जनगणना के लिए 15 जून तक खुला रहेगा स्वगणना पोर्टल

जीत समाचार हमीरपुर(ब्यूरों)। इस वर्ष आरंभ हो रही जनगणना की प्रक्रिया को पूरी तरह डिजिटल बनाया गया है और इसमें ऑनलाइन माध्यम से स्वयं की जानकारी अपलोड करने का विकल्प भी दिया गया है। स्वयं ऑनलाइन अपलोडिंग के स्वगणना पोर्टल एसई.सेन्सस.जीओवी.इन se-census-gov-in पहली जून से 15 जून तक खुला रहेगा।

नगर निगम हमीरपुर के आयुक्त राकेश शर्मा ने सोमवार को इस पोर्टल पर अपनी जानकारी अपलोड करके स्वगणना की शुरूआत की।

उन्होंने बताया कि नगर निगम हमीरपुर में भी पहली जून से स्वगणना का कार्य शुरू हो गया है जो 15 जून तक चलेगा। इसमें लोग स्वगणना पोर्टल पर पूछे गए सवालों की ऑनलाइन अपलोड कर सकेंगे। अपलोडिंग के बाद उन्हें एक आईडी नंबर मिलेगा।

आयुक्त ने कहा कि सभी लोग स्वगणना पोर्टल पर उपलब्ध स्वगणना के विकल्प का अधिक से अधिक उपयोग करें। इससे जनगणना का कार्य तेजी से पूरा होगा और लोग स्वयं एवं अपने परिवार से संबंधित सही जानकारी अपलोड कर सकेंगे। राकेश शर्मा ने बताया कि जनगणना की प्रक्रिया के तहत ही 16 जून से 15 जुलाई तक मकानों का सूचीकरण एवं मकान गणना की जाएगी। इस प्रक्रिया को पूर्ण करवाने में भी सभी लोग प्रगणकों का पूर्ण सहयोग करें। उन्होंने कहा कि जनगणना हमारे लोकतंत्र और विकास की रीढ़ है। अतः इस राष्ट्रीय महत्व के कार्य में सभी अपना सहयोग प्रदान करें।



# अंतर्राष्ट्रीय शिमला ग्रीष्मोत्सव-2026 के अंतर्गत "Canvas of The Hill" कला महोत्सव का आयोजन




जीत समाचार शिमला। अंतर्राष्ट्रीय शिमला ग्रीष्मोत्सव-2026 के अंतर्गत कला एवं संस्कृति को समर्पित विशेष आयोजन "Canvas of The Hills" का आयोजन ऐतिहासिक रिज मैदान, शिमला में किया गया। इस अनूठे कला महोत्सव में देश के विभिन्न राज्यों से आए प्रतिष्ठित चित्रकारों एवं कलाकारों ने भाग लेकर शिमला की प्राकृतिक सुंदरता, ऐतिहासिक धरोहरों तथा समृद्ध सांस्कृतिक विरासत को अपने कैनवास पर सजीव रूप में उकेरा।

इस अवसर पर उपायुक्त एवं अंतर्राष्ट्रीय शिमला ग्रीष्मोत्सव समिति के अध्यक्ष अनुपम कश्यप ने सभी प्रतिभागी कलाकारों को प्रशस्ति-पत्र प्रदान कर सम्मानित किया। साथ ही कलाकारों ने अपनी रचनात्मक कृतियाँ उपायुक्त को भेंट स्वरूप प्रदान कीं। इन उत्कृष्ट चित्रों की भविष्य में विशेष प्रदर्शनी आयोजित की जाएगी, जिससे कला प्रेमियों को हिमाचल की सांस्कृतिक एवं प्राकृतिक धरोहर को एक नए दृष्टिकोण से देखने का अवसर प्राप्त होगा।

उपायुक्त ने कहा कि इस विशेष पहल के तहत कलाकारों ने रिज मैदान एवं उसके आसपास के प्राकृतिक एवं ऐतिहासिक परिवेश का प्रत्यक्ष अवलोकन करते हुए लाइव पेंटिंग और स्केचिंग की। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम के अगले चरण में कलाकार हिमालयी क्षेत्र की अद्भुत प्राकृतिक छटा को चित्रित करने के लिए स्पीति घाटी का भ्रमण भी करेंगे।

उन्होंने कहा कि "Canvas of The Hills" कला महोत्सव का मुख्य उद्देश्य देशभर के कलाकारों को एक साझा मंच प्रदान करना, कला के माध्यम से सांस्कृतिक आदान-प्रदान को बढ़ावा देना तथा शिमला की अनुपम सुंदरता को रचनात्मक अभिव्यक्ति के जरिए राष्ट्रीय स्तर पर पहुंचाना है। यह आयोजन न केवल कलाकारों के लिए प्रेरणास्रोत सिद्ध हुआ, बल्कि स्थानीय लोगों एवं पर्यटकों के लिए भी कला और संस्कृति से जुड़ने का एक उत्कृष्ट अवसर बना।

### विभिन्न राज्यों के कलाकारों ने लिया भाग

इस कला महोत्सव में पुणे, जोधपुर, विशाखापट्टनम, असम तथा शिमला सहित देश के विभिन्न क्षेत्रों से आए कलाकारों ने भाग लिया। प्रतिभागी कलाकारों में शिरीष देशपांडे, मनोज सोमन, संदीप खेडकर, नितिन महामुनी, महेंद्र कोंडेकर, सुहासिनी एम. कोंडेकर, राधा सोमन, विनीता पुरोहित लोहरा, गुलजार हुसैन, साई मणिकिरण वेदुरुपर्थी, वामसी किरण पैला, देबप्रिया बेजबरूआह, नक्शदीप सिंह तथा राजेंद्र मेहता शामिल रहे।

Canvas of The Hills" कला महोत्सव शिमला की सांस्कृतिक पहचान को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम साबित हुआ है तथा कला के माध्यम से हिमाचल प्रदेश की प्राकृतिक एवं सांस्कृतिक विरासत को व्यापक स्तर पर प्रस्तुत करने का सशक्त प्रयास किया है।

## हिमाचल प्रदेश में जनगणना अभियान प्रारंभ

जीत समाचार शिमला। हिमाचल प्रदेश में जनगणना अभियान प्रारंभ हो चुका है। यह केवल आंकड़े जुटाने का कार्य नहीं, बल्कि प्रदेश के भविष्य की विकास योजनाओं की मजबूत नींव है।

मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविन्द्र सिंह सुक्खु ने सभी प्रदेशवासियों से आग्रह करता हूँ कि इस महत्वपूर्ण अभियान में पूर्ण सहयोग और सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करें। आपकी ओर से दी गई सही और पूर्ण जानकारी सरकार को शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार, आधारभूत सुविधाओं तथा अन्य जनकल्याणकारी योजनाओं को अधिक प्रभावी ढंग से तैयार करने में सहायता प्रदान करेगी।

आपकी सभी व्यक्तिगत जानकारियाँ पूरी तरह गोपनीय रखी जाएँगी। इनका उपयोग केवल जनहित और विकासोन्मुख नीतियों के निर्माण के लिए किया जाएगा।

आइए, हम सभी मिलकर जनगणना अभियान को सफल बनाएं और समृद्ध, सशक्त तथा विकसित हिमाचल के निर्माण में अपनी महत्वपूर्ण भागीदारी निभाएं।

## वंचित बच्चों की शिक्षा के लिए टोंगलेन ट्रस्ट को हर संभव सहयोग देगी हिमाचल सरकारः मुख्यमंत्री




जीत समाचार शिमला (ब्यूरों)। टोंगलेन ट्रस्ट धर्मशाला के एक प्रतिनिधिमंडल ने आज ट्रस्ट के निदेशक थेरचिन ग्याल्तसेन के नेतृत्व में मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविन्द्र सिंह सुक्खू से भेंट की। प्रतिनिधिमंडल ने मुख्यमंत्री को ट्रस्ट द्वारा संचालित विद्यालय के लिए भूमि पट्टे की मांग से अवगत करवाया। यह विद्यालय वंचित एवं बेसहारा बच्चों को शिक्षा प्रदान कर रहा है।

मुख्यमंत्री ने प्रतिनिधिमंडल को राज्य सरकार की ओर से हर संभव सहयोग का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि 14 वर्ष से कम आयु के विद्यार्थियों को प्रतिमाह 1,000 रूपये तथा 14 वर्ष से अधिक आयु के विद्यार्थियों को 2,500 रूपये प्रतिमाह की वित्तीय सहायता प्रदान की जाएगी।

मुख्यमंत्री ने वंचित एवं जरूरतमंद बच्चों के कल्याण के लिए ट्रस्ट द्वारा किए जा रहे समर्पित प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि शिक्षा और मानवीय सेवा के क्षेत्र में इस प्रकार की पहल समाज के कमजोर वर्गों को सशक्त बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है।

इस अवसर पर राजस्व मंत्री जगत सिंह नेगी, विधायक हरीश जनारथा, ट्रस्टी दोरजे तथा पार्षद पलकित नेगी भी उपस्थित थे।



दैनिक समाचार पत्र
जीत समाचार
जीत सच्ची खबर की
www.zeetsamachar.com

# कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने मध्य प्रदेश के रामसिया गांव में राष्ट्रव्यापी खेत बचाओ अभियान का शुभारंभ किया

मध्य प्रदेश (एजेंसी)। कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने आज मध्य प्रदेश के रायसेन जिले के रामसिया गांव में राष्ट्रव्यापी खेत बचाओ अभियान का शुभारंभ किया। यह अभियान एक महीने तक चलेगा। इसका उद्देश्य कृषि भूमि की रक्षा करना और किसानों को वैज्ञानिक खेती के लिए प्रोत्साहित करना है।

किसानों को संबोधित करते हुए श्री चौहान ने कहा कि खेत बचाओ अभियान का उद्देश्य मिट्टी और कृषि भूमि की रक्षा करना है। उन्होंने किसानों से रासायनिक उर्वरकों का उपयोग सीमित करने का आग्रह किया।

कृषि विश्वविद्यालय, भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद, कृषि विज्ञान केंद्र और निर्वाचित प्रतिनिधि इस अभियान में भाग लेंगे। किसानों को मृदा परीक्षण, मृदा स्वास्थ्य कार्ड, प्राकृतिक खेती, उर्वरकों के संतुलित उपयोग और जल संरक्षण तकनीकों के बारे में जानकारी दी जाएगी। उन्हें नकली उर्वरकों, बीजों और कीटनाशकों की पहचान करना भी सिखाया जाएगा।

अभियान के दौरान किसानों को सरकारी योजनाओं का लाभ उठाने में भी मदद मिलेगी। इनमें प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि, फसल बीमा योजना, किसान क्रेडिट कार्ड और कृषि यंत्रीकरण कार्यक्रम शामिल हैं।

# पश्चिम बंगाल में मुख्यमंत्री शुभेंदु अधिकारी ने मंत्रिमंडल का विस्तार कियाय 35 नये मंत्रियों ने ली शपथ



पश्चिम बंगाल (एजेंसी)। पश्चिम बंगाल मंत्रिमंडल का विस्तार आज कोलकाता के लोक भवन में आयोजित शपथ ग्रहण समारोह में 35 नए मंत्रियों की नियुक्ति के साथ हुआ। राज्यपाल आर. एन. रवि ने मंत्रिपरिषद के नए सदस्यों को पद और गोपनीयता की शपथ दिलाई। समारोह में मुख्यमंत्री शुभेंदु अधिकारी और वरिष्ठ नेता उपस्थित रहे।

नव नियुक्त मंत्रियों को विभागों का आवंटन बाद में घोषित किए जाने की संभावना है। आज मंत्रिमंडल में मंत्री के रूप में शपथ लेने वाले सदस्यों में स्वपन दासगुप्ता, अर्जुन सिंह, तापस रॉय, शंकर घोष और अन्य शामिल हैं। नए मंत्री राज्य के विभिन्न क्षेत्रों का प्रतिनिधित्व करते हैं और इनमें अनुभवी विधायकों के साथ-साथ पहली बार मंत्री बने सदस्य भी शामिल हैं।

